महाराष्ट्र मंदिर महासंघ

दिनांक : 02.10.2023

कृपया प्रकाशन हेतु !

सनातन धर्म को नष्ट करने के इच्छुकों के विरोध में प्रत्येक मंदिर द्वारा पुलिस में शिकायत प्रविष्ट करवाएंगे ! – 'महाराष्ट्र मंदिर महासंघ'का एकमुखी प्रस्ताव सम्मत

'जी.एस्.बी.टेंपल ट्रस्ट' एवं 'वीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक' की ओर से बैठक का आयोजन किया गया था । 'महाराष्ट्र मंदिर महासंघ'के दादर (मुंबई) में हुई इस तीसरी राज्यस्तरीय बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि सनातन धर्म को नष्ट करने की 'हेट स्पीच' देनेवाले उदयनिधि स्टैलिन, प्रियांक खर्गे, ए. राजा और निखिल वागळे पर यथाशीघ्र अपराध प्रविष्ट कर, कार्रवाई की जाए । इस संदर्भ में प्रत्येक मंदिर द्वारा पुलिस में शिकायत प्रविष्ट की जायेगी । वीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक, दादर में हुई इस बैठक के लिए राज्य के महाराष्ट्र मंदिर महासंघ के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

'महाराष्ट्र मंदिर महासंघ'के राज्य समन्वयक श्री. सुनील घनवट ने बैठक के आरंभ में महासंघ की ओर से गत 6 महीनों में हुए उपक्रम, आंदोलन एवं उनमें मिली सफलता की सभी को जानकारी दी । इसके साथ ही इस अवसर पर राज्य के मंदिर विश्‍वस्तों ने भी 6 माह में किए कार्य का ब्योरा प्रस्तुत किया । **इस अवसर श्री. सुनील घनवट ने उपस्थितों का आवाहन करते हुए कहा,** 'मंदिर सनातन धर्मप्रसार के केंद्र हैं । आज महाराष्ट्र में 175 से भी अधिक मंदिरों मे वस्त्रसंहिता लागू की गई है, इससे संबंधित प्रयत्न और भी बढाकर इसे राष्ट्रीय आंदोलन करना होगा । हिन्दुओं के मंदिर सरकारमुक्त करने के साथ ही मंदिरों की भूमि हथियाने का वक्फ बोर्ड के षड्यंत्र के विषय में जनजागृति करना, इसके लिए मंदिर विश्‍वस्तों को राज्यभर में संगठितरूप से प्रयत्न करने चाहिए ।'

मंदिरों की प्रथा-परंपराओं पर होनेवाले आघात रोकने के लिए संगठितरूप से लडना, इसके साथ ही सरकारीकरण किए गए मंदिरो से भारी मात्रा में हो रही भक्तों की लूट-खसोट रोकने के लिए शीघ्र कदम उठाना, इनके लिए भी संगठित होकर कृति करने का निर्धार इस बैठक में किया गया । इसके साथ ही महासंघ के आगामी 3 महिनों के कार्य की दिशा भी निश्‍चित की गई । इस बैठक में जी.एस्.बी. टेंपल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री. प्रवीण कानविंदे, सचिव श्री. शशांक गुळगुळे, श्री क्षेत्र थेऊर देवस्थान, सिद्धटेक देवस्थान एवं मोरया गोसावी देवस्थान के विश्‍वस्त ह.भ.प. आनंद महाराज तांबे, अमळनेर (जि. जलगांव) में मंगलग्रह सेवा संस्था के अध्यक्ष श्री. डिगंबर महाले, विदर्भ देवस्थान समिति के अध्यक्ष श्री. अनूप जयस्वाल, नगर के श्री अंबिका तुळजाभवानीमाता मंदिर के अधिवक्ता अभिषेक भगत, तुळजापुर के पुजारी संघ के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री. किशोर गंगणे एवं उनके अधिवक्ता शिरीष कुलकर्णी, पाली के श्री बल्लाळेश्‍वर देवस्थान के अध्यक्ष श्री. जितेंद्र गद्रे एवं व्यवस्थापक श्री. चंद्रशेखर सोमण, महड के श्री गणपति संस्थान की अध्यक्षा श्रीमती मोहिनी वैद्य, विरार के श्री जीवदानी देवी संस्थान के अध्यक्ष श्री. प्रदीप तेंडोलकर, पनवेल के श्री श्‍वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ के अध्यक्ष श्री. मोतीलाल जैन, कडाव, कर्जत (जि. रायगड) के गणपति एवं मारुति देवस्थान के विश्‍वस्त श्री. विनायक उपाध्ये, अमरावती की पिंगळादेवी संस्थान के अध्यक्ष श्री. विनीत पाखोडे, श्री लक्ष्मीनारायण संस्थान के श्री. अशोक खंडेलवाल, हिन्दू विधिज्ञ परिषद के संस्थापक सदस्य अधिवक्ता पू. सुरेश कुलकर्णी, सनातन संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. चेतन राजहंस, हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. रमेश शिंदे आदि मान्यवरों सहित विविध मंदिरों के विश्‍वस्त उपस्थित थे ।

महासंघ की ओर से आवाहन किया गया है कि महाराष्ट्र मंदिर महासंघ के कार्य में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक 7020383264 क्रमांक पर संपर्क कर सकते हैं ।

आपका विनम्र,

सुनील घनवट

श्री. सुनील घनवट,

राज्य समन्वयक, महाराष्ट्र मंदिर महासंघ (संपर्क : 70203 83264)